दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 21-01-2026

# कुश्ती और एथलेटिक्स में विजेता खिलाड़ी सम्मानित



जींद| सीआरएसयू के खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में पदक जीते। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली में 9 से 15 जनवरी तक हुई कुश्ती प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य, अंकित सिहाग ने 87 किलो भारवर्ग में ग्रीको रोमन कुश्ती में रजत पदक जीता। वहीं नवदीप ने 86 किलो भारवर्ग में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। बेंगलुरु में हुई अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुमारी गरिमा ने 400 मीटर बाधा दौड़, हैरी कुमार ने शॉटपुट में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। मंगलवार को विवि पहुंचने पर वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विवि के खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर विवि का नाम रोशन किया है। उन्होंने विवि के अन्य विद्यार्थियों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date- 21.01.2026



जींद। खिलाड़ी का स्वागत करते हुए वीसी। फोटो : हरिभूमि

# सीआरएसयू के खिलाड़ी छाए

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय, प्रदेश एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। विश्वविद्यालय के कुश्ती एवं एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ-साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कुश्ती प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया। अंकित सिहाग ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीको रोमन कुश्ती शैली में रजत पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त नवदीप ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**Date- 21.01.2026**

# सीआरएसयू के खिलाड़ियों ने जीते पदक



जींद सीआरएसयू में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रो. रामपाल सैनी। -हप्र

**जींद (जुलाना) (हप्र) :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) के खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है। 9 से 15 जनवरी 2026 तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि अंकित सिहाग ने 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन शैली में रजत पदक हासिल किया। नवदीप ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। एथलेटिक्स में कुमारी गरिमा (400 मीटर बाधा दौड़) और हैरी कुमार (शॉट पुट) ने भी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिताओं से लौटने पर विश्वविद्यालय परिसर में सभी विजेताओं का भव्य स्वागत किया गया। कुलगुरु प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

दैनिक जागरण

**Date- 21.01.2026**

# सीआरएसयू ने खेल स्पर्धाओं में किया शानदार प्रदर्शन



चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्य। ● सौजन्य सीआरएसयू

जासं ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के कुश्ती एवं एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ-साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। कुलपति प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नौ से 15 जनवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुश्ती खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संदीप कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर किया। अंकित सिहाग ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीको-रोमन कुश्ती शैली में रजत पदक जीता। नवदीप ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया।

# सी.आर.एस.यू. के खिलाड़ियों का अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

जींद, 20 जनवरी (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय, प्रदेश एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है।

विश्वविद्यालय के कुश्ती एवं एथलैटिक्स खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ-साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



खिलाड़ी का स्वागत करते हुए वी.सी.।




सैमीनार में भाग लेते हुए।

## कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 15 जनवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली में किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुश्ती खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मिस्टर संदीप कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया। अंकित सिहाग ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीको-रोमन कुश्ती शैली में रजत पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त मिस्टर नवदीप ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया।

## एथलैटिक्स प्रतियोगिता में भी दिखाया दम

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के महिला एवं पुरुष एथलैटिक्स खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलैटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक राजीव गांधी हैल्थ विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में किया गया।

कुमारी गरिमा ने 400 मीटर बाधा दौड़ में तथा हैरी कुमार ने शॉट पुट स्पर्धा में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। विश्वविद्यालय परिसर में हुआ भव्य स्वागत प्रतियोगिताओं से लौटने पर विश्वविद्यालय परिसर में सभी विजेता एवं क्वालीफाई खिलाड़ियों का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने खिलाड़ियों को मिठाइयां खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुलगुरु ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति और प्रशिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का भी प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय अपने खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी अपने सभी खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं, प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराएगा, ताकि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व कर सकें।

विश्वविद्यालय खेल परिषद के सचिव डॉ. नरेश देशवाल ने बताया कि विगत वर्षों में आयोजित सभी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। निरंतर सफलता यह दर्शाती है कि विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में मजबूत आधार तैयार कर चुका है। यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

## सी.आर.एस.यू. में जोनल यूथ फैस्टीवल आज से शुरू

सी.आर.एस.यू. में आयोजित पत्रकारवार्ता में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने विश्वविद्यालय में 21 से 23 जनवरी के बीच आयोजित होने वाले इंटर्नल जोनल यूथ फैस्टीवल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस युवा महोत्सव का आयोजन विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक निदेशालय द्वारा किया जाएगा। इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न आंतरिक जोनों के विद्यार्थी भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रो. सैनी ने कहा कि यह युवा एवं सांस्कृतिक महोत्सव विद्यार्थियों की रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक सोच का विकास करते हैं।

उन्होंने कहा कि रंग महोत्सव विद्यार्थियों की सृजनात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच है। प्रैस कांफ्रैंस के अंत में प्रो. सैनी ने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस इंटर्नल जोनल यूथ फैस्टीवल में बढ़-चढ़कर भाग लें और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं युवा एवं सांस्कृतिक निदेशालय की ओर से आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

## जापान दौरे की कई अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों की भी दी जानकारी

इस मौके पर कुलगुरु ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद जापान के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ शैक्षणिक, शोध एवं कौशल-विकास के क्षेत्र में अपनी अंतर्राष्ट्रीय सांझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णायक कदम उठा रहा है।

एक सप्ताह के जापान दौरे से लौटे कुलगुरु सैनी ने बताया कि कई जापानी संस्थानों ने सी.आर.एस.यू. के साथ सांझेदारी की औपचारिक पेशकश की है। टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत के माननीय राजदूत से शिष्टाचार भेंट के साथ सी.आर.एस.यू. की वैश्विक शैक्षणिक एवं शोध यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर भारत–जापान शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त शोध, अकादमिक मोबिलिटी तथा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। जापानी विश्वविद्यालयों के साथ एम.ओ.यू. एवं सहयोग प्रस्ताव जापान प्रवास दौरान चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय को जापान की 6 प्रमुख शैक्षणिक एवं संस्थागत इकाइयों से शैक्षणिक, शोध एवं तकनीकी सहयोग के लिए एम.ओ.यू. औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त हुए।

उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय सांझेदारी के अंतर्गत कई संयुक्त कार्य किए जाएंगे। इनमें संयुक्त शोध परियोजनाएं एवं संयुक्त प्रयोगशालाएं, फैकल्टी एवं छात्र आदान–प्रदान, सैमीकंडक्टर, मैटीरियल साइंस एवं एनर्जी सैक्टर, क्लीन एवं ग्रीन फ्यूल, पर्यावरण संरक्षण, इन्क्यूबेशन सैंटर, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल सैंट्रल लाइब्रेरी एवं स्मार्ट अकादमिक इंफ्रास्ट्रक्चर आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस शामिल हैं।

## इन्वैस्टमैंट बैंकिंग आप्रेशंस प्रोग्राम पर सैमीनार आयोजित

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए इन्वैस्टमैंट बैंकिंग आप्रेशंस प्रोग्राम पर एक विशेष सैमीनार का सफल आयोजन किया गया। इसमें टाइम्स ग्रुप की प्रतिष्ठित संस्था टाइम्सप्रो से रिसोर्स पर्सन के रूप में विनय राय एवं सूर्याश सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

विशेषज्ञ वक्ताओं ने इस दौरान निवेश बैंकिंग आप्रेशंस की भूमिका, बैक-एंड एवं मिड-ऑफिस की कार्यप्रणाली, के.वाई.सी., अनुपालन, जोखिम प्रबंधन तथा वैश्विक बैंकिंग प्रक्रियाओं जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. अनुपम भाटिया ने इस प्रकार के उद्योग-उन्मुख एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने वाले कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के करियर निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सैमीनार एवं कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया, जिससे विद्यार्थी उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं से भली-भांति परिचित हो सकें।

सैमीनार में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विषय में गहरी रूचि दिखाते हुए प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता की तथा निवेश बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित अपने संदेहों और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुलगुरु ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अपने कौशल का विकास करने, व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने एवं समय की मांग के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाकर श्रेष्ठ से श्रेष्ठ रोजगार के अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।